卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 144 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦28 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in


## कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या करने वाल आतंकी ढेर

जम्मू(उद ब्यूरो)। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या करने वाले आतंकवादी को सुरक्षा बलों ने 48 घंटे के अंदर मार गिराया है। मारे गए आतंकवादी की पहचान अकीब मुस्ताक भट के रूप में हुई है। अकीब मुस्ताक भट आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन और द रेजिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ के लिए काम कर रहा था। पुलिस के मुताबिक पुलवामा में रविवार को एक कश्मीरी पंडित की कथित तौर पर हत्या करने वाले एक आतंकवादी को मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में एक



मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने कहा मंगलवार सुबह आतंकियों के साथ चली मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन से जुड़ा आतंकवादी अकीब मुस्ताक भट को सुरक्षा बलों ने ढेर कर दिया है। दिवंगत संजय शर्मा के हत्यारे आतंकवादी को सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादी की पहचान पुलवामा (ए श्रेणी) के अकीब मुस्ताक भट के रूप में हुई है। उसने शुरुआत में आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) के लिए काम किया था, आजकल वह द रेजिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ के साथ काम कर रहा था। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपुरा (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम के दौरे का होगा विरोध: भुल्लर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।स्वराज आश्रम में यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने पत्रकार वार्ता को प्रकार है कि कोई भी शिकायत दर्ज करवाने पर भी जेल भेजने की कार्यवाही की जा सकती है। जैसा उत्तरकाशी के दौरे का पुरजोर विरोध किया जायेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कहा राज सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है।



सम्बोधित करते हुए कहा नकल विरोधी कानून पर सरकार की मंशा पर संदेह नजर आता है। कानून के नियम इस छात्र के साथ किया गया। उत्तराखण्ड सरकार मार्किंग कम्पनी के रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के अंकिता हत्या पेपरलीक प्रकरण व भर्ती घोटाले की सीबीआई जाँच से मुख्यमंत्री धामी बच रहे है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## डीएसबी परिसर में दिखा गुलदार

नैनीताल(उद संवाददाता)। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गुलदार दिखना आम हो गया है। बीती रात डीएसबी परिसर गेट के समीप सड़क पर गुलदार टहलता हुआ दिखाई दिया। इस बीच एक वाहन चालक ने गुलदार का वीडियो बना लिया। बता दे कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गुलदार का आतंक बना हुआ है। कई क्षेत्रों में गुलदार आवारा और पालतू कुत्तों को निवाला बना चुका है। इन दिनों राजभवन मार्ग में गुलदार दिखना आम हो गया है। बीते दिनों भी शावकों का वीडियो वायरल हुआ था। सोमवार को डीएसबी परिसर गेट के समीप गुलदार दिखा। इसी दौरान वहां से कार से गुजर रहे व्यक्ति ने गुलदार का वीडियो बना लिया।

## बंगाली समाज की विभिन्न जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की उठी मांग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बंगाली समाज की विभिन्न जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की मांग को लेकर प्रादेशिक बंगाली कल्याण समिति ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि तराई में बंगालियों की बसायत 1950 के बाद से प्रारंभ हो गई थी, तब पूरा तराई जंगल से घिरा था। कहा गया कि बंगाली समाज ने कड़ी मेहनत करके तराई को निखारने और पहचान दिलाने में अहम योगदान दिया, जो किसी से छिपा नहीं है। आज तराई में विभिन्न भाषी लोग निवास करते हैं, लेकिन बंगाली समाज की स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। बंगालियों की आर्थिक, शैक्षिक, सामाजिक तथा रिती रिवाज का अवलोकन किया जाए तो समाज आज भी पिछड़ा हुआ है। ऐसे में तमाम बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए समाज की विभिन्न जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित किया जाना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में चंद्र शेखर गांगुली, दिलीप अधिकारी, आशुतोष राय, जीवन राय, अमित वैध, देवाशीष मण्डल, नवकुमार साना, आशीष बाला, जगदीश कर्मकार, जगदीश घरामी, विमल घरामी, निरंजन घरामी, विजय कुमार, मिलन राय, मुकेश बाला, प्रकाश अधिकारी, प्रदीप विश्वास, विकास सरकार, अंकुर पाठक आदि मौजूद रहे।



## भालू के हमले में ग्रामीण गंभीर

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। लकड़ी बीनने के लिए जंगल गये एक ग्रामीण पर भालू ने हमला बोल दिया। हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। भालू के हमले को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल है। जानकारी के अनुसार नगर के जेल कैंप (रुदपुर) ग्रामसभा के गांव जयंत नगर निवासी प्रदीप मंडल पुत्र गौर मंडल जंगल में लकड़ी बनने गया था।इस दौरान उस पर अचानक भालू ने हमला बोल दिया। चीख पुकार सुनकर भालू वहां से भाग गया। प्रदीप के चेहरे व आंखों में गंभीर चोटें आयी है। भालू ने पैर और जांघों में भी नोचा है। घायल को आनन फानन में परिजनों ने निजी चिकित्सालय भर्ती कराया गया। घायल प्रदीप की हालत नाजुक बतायी जा रही है। वहीं भालू के हमले को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल है।



## आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने मुख्य सेविका पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विवेकनगर ट्रांजिट कैंप आंगनवाड़ी केंद्र संख्या दो व तीन की आंगनवाड़ी कार्यकत्री निरुपमा ने जिलाधिकारी कार्यालय में दिए शिकायती पत्र में बाल विकास परियोजना कार्यालय की मुख्य सेविका पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पत्र में निरुपमा ने कहा है कि उसे गर्भवस्था के समय भी प्रताड़ित किया गया था। उसने मातृत्व अवकाश समाप्त होने के बाद आँगनवाड़ी केन्द्र में ज्वाइन ले लिया। तत्पश्चात टीएचआर की धनराशि जो कि उधारी में चल रही थी। वह विभाग द्वारा माता समिति के खाते में आ गयी। जिस समूह के द्वारा टीएचआर का सामान उधार लिया गया था वह समूह कर्मी चेक लेने के लिये आ गये। उस समय माता समिति की सचिव उसकी सहायिका दीपा राय थी। उसने सुपरवाइजर के कहने से चेंक देने से इनकार कर दिया तथा चेक बुक व बैंक की पास बुक को मुख्य सेविका ने अपने कब्जे में ले लिया है। निरुपमा का कहना है कि माता समिति खाते में धनराशि दिनांक 7.2.23 को आ गयी थी। तब से किसी न किसी बहाने से उसे विकास (शेष पृष्ठ सात पर)

## विधायक ने पैदल भ्रमण कर समस्याओं का लिया जायजा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा अरोरा ने जगतपुरा क्षेत्र का भ्रमण कर समस्याओं का जायजा लिया। मौके पर जगतपुरा में तारों के जंजाल से आये दिन हो रही घटनाओं की रोकथाम के लिये विधायक ने विद्युत विभाग के सम्बंधित अधिकरियों से वार्ता की, और लोगो की छतों के ऊपर से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइन को शिफ्ट करने के लिए कहा। साथ ही क्षेत्र में बिजली के खम्बो की ऊँचाई बढ़ाने और बिजली की तारो को 220 से 320 में बदलने के लिये निर्देशित किया। आमजन की सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए तारों के नीचे जाल लगाने के लिए भी अधिकरियो को दूरभाष पर वार्ता की। विधायक शिव अरोरा ने कहा जगतपुरा की बिजली के तारों की समस्या जायज है जिसके लिये विद्युत विभाग को निवारण के लिये वार्ता की है जल्द ही अधिकरियो द्वारा मौका मुआयना कर इसके समाधान का रास्ता निकाला जायेगा। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने जगतपुरा में स्थानीय लोगो से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना और क्षेत्र में हो रहे कार्यो ओर तेजी लाने के लिये आश्वस्त किया। विधायक ने कहा उनका प्रयास क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं ओर सरकार की हर योजना का लाभ मिले यह उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान मण्डल महामंत्री राधेश शर्मा, पार्षद निमित शर्मा, विक्की सैनी, सोनू वर्मा, मयंक कक्कड़ सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।



## भाविप चेरिटेबल ट्रस्ट के हरनाम चौधरी बने अध्यक्ष

### मनोज अरोरा महासचिव और विजय भूषण गर्ग चुने गये कोषाध्यक्ष

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद चेरिटेबल ट्रस्ट की आम सभा की बैठक सिटी क्लब में संपन्न हुयी। बैठक में चुनाव अधिकारी राजकुमार गाबा ने नई कार्यकारिणी के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न कराये। चुनाव में सर्वसम्मति हरनाम चौधरी अध्यक्ष, मनोज अरोरा महासचिव और विजय भूषण गर्ग कोषाध्यक्ष चुने गये। इसके अतिरिक्त नरेन्द्र अरोरा और रामकुमार बिंदल उपाध्यक्ष, सजय सिंघल और सुरेन्द्र मिड्डा सचिव और अजय अग्रवाल ऑडीटर निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुनील खेड़ा, दीपक अरोरा, पंकज कालड़ा, राहुल सिंघल, मनीष अग्रवाल, बरीत सिंह और विपिन लूथरा चुने गये। इससे पूर्व बैठक में महासचिव नरेन्द्र अरोरा ने ट्रस्ट द्वारा संचालित भारत पैथ लैब की वर्तमान स्थिति को ट्रस्टीगणों के सामने प्रस्तुत किया। वर्तमान चेयरमैन सुनील खेड़ा, ने बताया कि सन 2017 में स्थापित भारत पैथ लैब अत्याधुनिक मशीनों से सुजिज्त है तथा एमडी डॉक्टरों की देखरेख में प्रशिक्षित टैक्नीशियनों द्वारा संचालित है। लैब में बाजार से अत्यंत कम मूल्य पर सभी टेस्ट किये जाते हैं और प्रातः आठ बजे से दस बजे तक शुगर की जांच फ्री की जाती है। रूद्रपुर और आस पास की समस्त जनता को इसकी सेवाओं का लाभ लेना चाहिए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरनाम चौधरी सीए ने कहा कि हमारी पूरी टीम लैब की गुणवत्ता और कार्यविधि के उच्चतम स्तर को लेकर कटिबद्ध है। बैठक में महेन्द्र गोयल, राजकुमार खनीजो अमित गंभीर, (शेष पृष्ठ 7 पर)



## पुरानी रंजिश के चलते चाची और बच्चों पर जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने घर में अकेली अपनी चाची व उसके दो छोटे बच्चों पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोगों के आ जाने से हमलावर मौके से भाग गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में गुलशन पत्नी औसाब मलिक निवासी ग्राम कच्ची खमरिया ने कहा है कि अपने घर पर अकेली थी। उसका पति घर पर नही था। इसी दौरान उसके जेठ का लड़का शमी मलिक पुत्र आफाक जोकि उसके परिवार से पुरानी रंजीश रखता है 27 फरवरी की शाम उसके घर पर आया और आते ही उससे गाली गलौच करते हुऐ उस पर धारदार हाथियारो से जान लेवा हमला कर दिया। उसके बाल खींचकर बाहर तक ले आया। यह देख उसके छोटे छोटे दो बच्चे रोने लगे तो उनके उन पर भी जान लेवा हमला करने लगा। वह बडी मुश्किल से अपने दोनो बच्चो लेकर जान बचाकर भागी। हमलावर शमी ने उसका पीछा किया। जब उसने हल्ला किया तो मोहल्ले के लोगों के आ जाने से शमी भाग गया और जाते जाते उसे जान से मारने कि धमकी दे गया। जिससे उसे अपनी व अपने परिवार की जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने मामले में रपट दर्ज कर ली है।

# श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक भवन का भूमि पूजन

ऋषिकेश। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश में श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के पं० ललित मोहन शर्मा परिसर में 2519.15 लाख लागत के शैक्षणिक, प्रशासनिक भवन का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्व विद्यालय हेतु निर्धारित कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम पर आधारित "गढ़वाली भाषा एवं संस्कृति" नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने पं०ल०मो०शर्मा परिसर, ऋषिकेश में वर्तमान में स्नातक स्तर पर संचालित पाठ्यक्रमों (गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, संस्कृत, शिक्षा शास्त्र, संगीत) को स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित किए जाने हेतु राज्य सरकार के स्तर से परीक्षण कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने पं०ल०मा०शर्मा परिसर, ऋषिकेश में स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों हिन्दी, इतिहास, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, भूविज्ञान एवं भूगोल में कार्यभार के अनुरूप भविष्य में पद सृजन किए जाने की बात कही। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर के अधिकारियों एवं प्राध्यापकों हेतु विभिन्न प्रकार के आवासों की डीपीआर बनाकर उस पर कार्य करने, ऋषिकेश में राष्ट्रीय स्तर का प्रेक्षागृह बनाए जाने पर भारत सरकार से आग्रह करने, ऋषिकेश क्षेत्र में पार्किंग हेतु स्थल का चयन एवं क्न्द बनाने की भी बात कही। मुख्यमंत्री श्री धामी ने स्वर्गीय श्रीदेव सुमन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान, विश्वविद्यालयों और शैक्षिक संस्थानों के विद्यार्थियों में राष्ट्रवाद की भावना का संचार किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व हमारी शक्ति और ज्ञान परंपरा से परिचित हो रहा है। आज का नया भारत अपनी प्राचीन शैक्षणिक व सांस्कृतिक पद्धति को केंद्र में रखते हुए नए बदलावों की ओर अग्रसर है।



कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम चंद अग्रवाल ने भी विचार रखे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, मेयर अनिता ममगाई, कुलपति प्रो० महावीर सिंह रावत (श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड वि०वि०), अध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग श्रीमती कुसुम कंडवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।




# अधिकारी मण्डलीय कार्यालयों में बैठें : सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में पौड़ी जिले के मण्डलीय मुख्यालय में मण्डल स्तरीय कार्यालयों के संचालन व पौड़ी के विकास सम्बंधी समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि पौड़ी के मण्डल कार्यालयों को सशक्त बनाने हेतु मण्डल स्तरीय अधिकारी मण्डलीय कार्यालयों में बैठें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मण्डलायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र भी मण्डल कार्यालयों में बैठने का अपना पूरा रोस्टर जारी करें व जिन अधिकारियों को विभागीय निदेशालयों में भी अतिरिक्त प्रभार दिये गये हैं, तो उन्हें सिर्फ मण्डलीय कार्यालय में ही तैनात किया जाए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के सफल संचालन की गढ़वाल मण्डल के अधिकारियों पर बड़ी जिम्मेदारी है। यात्रा के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से हों इसकी भी मण्डलायुक्त द्वारा नियमित समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी पौड़ी को निर्देश दिये कि जनपद के विकास के लिए जनपद स्तर पर जो कार्ययोजना बनाई गई है, उस कार्ययोजना पर तेजी से कार्य हों इसके लिए शासन स्तर पर संबंधित विभागीय सचिवों से सम्पर्क में रहकर जनपद में कार्य तेजी से किये जाएं। बैठक में विधायक श्रीमती रेनू बिष्ट, श्री राजकुमार पोरी, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, श्री शैलेश बगोली, श्री बी.वी. आर.सी पुरूषोत्तम, गढ़वाल कमिश्नर श्री सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के लिए एमएसएमई सब्सिडी पॉलिसी को अपनाया जाए

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना से जुड़े उद्यमियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वार्ता की और योजना के लागू होने में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों को जानने और उनके निराकरण के सम्बन्ध में नई नीति में प्रावधान किए जाने की बात कही। मुख्य सचिव ने कहा कि उद्यमियों को यूपीसीएल द्वारा निर्धारित समय में भुगतान हो, इसके लिए प्रावधान किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार



योजना के लिए एमएसएमई सब्सिडी पॉलिसी को अपनाया जाए। मुख्य सचिव ने उद्यमियों को उद्यम लगाने हेतु सभी प्रकार का टेक्निकल सपोर्ट दिए जाने हेतु भी निर्देशित किया। साथ ही यूपीसीएल और पिटकुल को उद्यम लगने से पूर्व उत्पन्न सौर ऊर्जा की निकासी की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि नई सोलर पॉलिसी में उद्यमियों द्वारा दिए गए सुझावों को भी शामिल किया जाए साथ ही उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराने में हर सम्भव सहायता उपलब्ध करायी जाए। इस अवसर पर सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम एवं निदेशक उरेडा श्रीमती रंजना राजगुरू सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जनपदों के जिलाधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित थे।

# ईको टूरिज्म के लिये सभी जनपदों से प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में प्रदेश में ईको टूरिज्म को लेकर बैठक लेते हुए कहा कि प्रदेश का 72 प्रतिशत भू-भाग वन क्षेत्र होने के कारण ईको टूरिज्म की अत्यधिक संभावनाएं हैं। वन क्षेत्र में विभिन्न ऐसी गतिविधियां हैं, जो रोजगार सृजन में बेहद अहम है। मुख्य सचिव ने कहा कि ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु राज्य और जनपद स्तरीय समितियों का गठन किया जा रहा है। समिति में निजी क्षेत्र की भागीदारी से अधिक अच्छे सुझाव आ सकते हैं।



मुख्य सचिव ने प्रत्येक जनपद को ईको टूरिज्म कंसल्टेंट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। कहा कि इससे स्थान विशिष्ट योजना बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने सभी जनपदों से जनपदवार प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए और कहा कि कौन जनपद क्या कर रहा है इसकी जनपदवार रैंकिंग की जाएगी। मुख्य सचिव ने कहा कि इस क्षेत्र में आयुष एवं हर्बल पार्क में भी अत्यधिक संभावनाएं हैं। पर्यटकों को विभिन्न प्रकार के अनुभव एक जगह पर देने की आवश्यकता है। जनपद अपनी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही व्यवहारिक समस्याओं से अवगत कराएं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री आरके सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) श्री विनोद कुमार, सचिव श्री सचिन कुर्वे, श्री बीवीआरसी पुरुषोत्तम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय एवं श्री विजय कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यालय में किया गया तिरंगे की छवि का अपमान : कांग्रेस

देहरादून(उद संवाददाता)। सोशल मीडिया में फूलो से बनाये गये तिरंगे के ऊपर से चलते हुए भाजपाईयों की तस्वीरें वायरल होने के बाद कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर बूथ सशक्तिकरण अभियान की कार्यशाला के द्वार पर फूलों से बने तिरंगे की प्रतीकात्मक छवि को पैरों तले रौंदने वाली सम्मानित राज्यसभा सांसद और उनके पदाधिकारी है। इन तस्वीरों से भाजपा का छद्म राष्ट्रवाद और तिरंगे के प्रति सम्मान का दोहरा चरित्र उजागर होता है। भाजपा नेता सत्ता के मद में इतने चूर हो गये हैं कि अब वे उस तिरंगे का



अपमान करने से भी नहीं चूक रहे हैं जिसे देश की आन, बान और शान माना जाता है। भाजपा प्रदेश अधयक्ष महेंद्र भट, राज्य सभा सांसद कल्पना सैनी एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार को सार्वजनिक रूप से इस कृत्य के लिए देश एवं प्रदेश की जनता से क्षमा मांगनी चाहिए। करन माहरा ने कहा कि एक ओर एक फिल्म में भगवा वस्त्र पहनने पर पूरे देश में वैमनस्यता का माहौल बनाने का प्रयास किया जाता है वहीं दूसरी ओर भाजपा के नेता खुले आम देश की पहचान फूलों से बने तिरंगे को पैरों तले रौंद कर अपनी तुच्छ मानसिकता का परिचय दे रहे हैं।

# बजट पूर्व डीएम ने आयोजित किया जन संवाद कार्यक्रम, जनप्रतिनिधियों ने बताई समस्याएं

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। राज्य के बजट 2023-24 निर्माण में जनता की भागीदारी को सुनिश्चित किये जाने हेतु विभिन्न माध्यमों से जनता के सुझाव आमंत्रित किये जाने तथा जनसहभागिता को और सशक्त बनाने के लिए जनपद में बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम जिलाधिकारी रीना जोशी की मौजूंगी में विकास भवन सभागार में जिला पंचायत दीपक मेहरा, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद राजेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता व प्रमुखो, क्षेत्र पंचायत सदस्यों व अन्य जनप्रतिनिधियों के मध्य बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुखो, क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा अपने क्षेत्र की समस्याओं व गतिविधियों से जिलाधिकारी को रूबरू कराया। उन्होंने विशेषकर जंगली जानवरों से हो रहे नुकसान को रोके जाने, क्षेत्र में कनैक्टिविटी को सुदृढ़ किये जाने, क्षेत्र में पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ाये जाने, क्षेत्र में कूड़े के उचित निस्तारण किये जाने, क्षेत्र में पथ प्रकाश की व्यवस्था, व अन्य कार्यों की भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी वरूण चौधरी को निर्देश दिए कि जो भी प्रमुखो, क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा अपने क्षेत्र की समस्याए रखी गयी है व पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ाये जाने संभावनाए है उनमें अपने स्तर से कार्यवाही करें। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा जो भी वितरण लाभार्थियों में किया जाता है इस हेतु संबंधित जनप्रतिनिधि को भी सूचित किया जाय व उन्हें बुलाकर उनसें ही वितरण किया जाय तांकि पारदर्शिता बनी रहे।कार्यक्रम में अध्यक्ष नगरपालिका राजेन्द्र रावत ने ठोस अवशेष पदार्थों के निस्तारण, तारबाढ/घेरबाढ़, बध्याकरण हेतु बजट बढ़ाने संबंधी अपने विचार रखे व प्रमुखों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, समूहों द्वारा भी बजट संबंधी अपने विचार जिलाधिकारी के सम्मुख रखने के साथ ही अपने क्षेत्र में विकास की गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया व क्षेत्र में हो सकने वाले विकासशील कार्यों की भी जानकारी दी गयी। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को कार्य योजना तैयार कर उक्त संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा भी चलायी जा रही विकास कार्यों की जानकारी भी जिलाधिकारी को दी गयी। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख विण लक्ष्मी गोस्वामी, ब्लाक प्रमुख कनालीछीना सुनीता कन्याल, क्षेत्र पंचायत सदस्य दौबांस खीमराज जोशी, सभासद पुनेड़ी ललित पुनेड़ा, बसंत कुमार, शुभंम चंद आदि उपस्थित थे।



## - नीलामी सूचना-

पत्रांक 772/नीलामी सूचना/2022- 23 दिनांक 27.02.2023

सर्वसाधारण एंव स्क्रेप क्रेता / विक्रेताओं ( कबाड़ वालों) को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय की विज्ञप्ति पत्र सं0 741 / नीलामी सूचना / 2022-23 दिनांक 06/02/2023 द्वारा प्रकाशित नीलामी दिनांक 21/02/2023 को खुली बोली में सामग्री की उचित बोली (कीमत ) न आने पर पुन: सार्वजनिक नीलामी (खुली बोली ) दिनांक 14/03/2023 की पूर्वान्ह 12 बजे बुद्धबाजार गदरपुर स्थित एम०आर०एफ० सेन्टर पर की जानी है। बोलीदाता को दिनांक 13/03/2023 की अपरान्ह 02 बजे तक अपने जी०एस०टी० प्रमाण पत्र के साथ नकद एक लाख रूपये धरोहर धनराशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा । बिना धरोहर धनराशि के बोली में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे। नीलामी सामग्री जहाँ है जैसी है के आधार पर बोलीदाता को बोली लगानी होगी। उच्चतम बोलीदाता को 02 दिन के भीतर अपने व्यय पर नीलामी सामग्री ले जानी होगी, तथा उच्चतम बोली की समस्त धनराशि सामग्री उठाने से पूर्व पालिका में जमा करनी अनिवार्य होगी। साथ ही उच्चतम बोली / स्वीकृत बोली की धनराशि का अतिरिक्त 18% जी०एस०टी० जमा करनी होगी। गठित कमेटी / क्रय समिति की देखरेख में खुली बोली प्रक्रिया सम्पन्न होगी तथा कमेटी का निर्णय अन्तिम होगा। नियम एवं शर्तें पूर्ववत्त रहेंगी।

**( जगदीश चन्द्रा )**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गदरपुर ऊधम सिंह नगर

**( गुलाम गौस )**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गदरपुर ऊधम सिंह नगर

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S., PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S. (Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road, Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंज उठेगी योग नगरी

## मुख्यमंत्री एक मार्च को करेंगे अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव का शुभारंभ

देहरादून(उद संवाददाता)। तीर्थनगरी ऋषिकेश में हर साल की भांति इस साल भी अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 1 से 7 मार्च तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव में योग की जहां बारीकियों को सीखने का मौका मिलेगा, वहीं मन की शांति और स्वस्थ शरीर का अनोखा अनुभव भी प्राप्त होगा। इसके साथ ही यहां आने वाले योग साधक नृत्य, संगीत के साथ-साथ योग के विभिन्न आयामों पर भी चर्चा का लुत्फ भी उठा सकेंगे। हर साल की भांति इस साल भी सात दिवसीय महोत्सव में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की गूंज होगी। एक मार्च को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज सहित कई अन्य अतिथियों की उपस्थिति में महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा वहीं गंगा आरती यहां आए योग साधकों को आकर्षित करेगी। इस भव्य कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ ही तीर्थनगरी ऋषिकेश में एक सप्ताह तक उत्सव का माहौल बन जाएगा। विशिष्ट योगाचार्यों में पद्मश्री शिवानंद, पद्मश्री भारत भूषण जी व पद्मश्री रजनीकांत जी हिस्सा ले रहे हैं। वहीं ईशा फाउंडेशन, आर्ट ऑफ लिविंग, रमामणि अयंगर स्मृति योग संस्थान, कैवल्यधाम, कृष्णमाचार्य योग मंदिरम और शिवानंद योगा स्कूल के प्रशिक्षकों की मौजूदगी में साधक योग की बारीकियों को सीख सकेंगे। योग साधकों के लिए सात दिन की दिनचर्या तय रहेगी और अलग-अलग विषयों पर साधकों को प्रशिक्षिण दिया जाएगा। प्रतिदिन सुबह योग सत्र आयोजित किए जायेगें। इसके साथ ही ड्रोन शो का आयोजन किया जायेगा। योग एक साधना है जिसके जरिए शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इसको ध्यान में रखकर अलग-अलग विषयों पर परिचर्चा का आयोजन भी होगा। जिसमें डा. अनिल थपलियाल, डा. नवदीप जोशी, डा. प्रिया आहूजा, डा. रोहित सब्बरवाल, प्रो. वीके अग्निहोत्री, प्रो. सुनील जोशी, डा. उर्मिला पांडे जैसे विशेषज्ञ अपने विचार व्यक्त करेंगे। डॉ0 सुनील जोशी उप कुलपति उत्तराखण्ड आयु वि0 द्वारा नाड़ी परीक्षण एवं मर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा रूजुता दिवेकर सेलेब्रिटी पोषण विशेषज्ञ के साथ ही रागिनी मक्कड़, नितिश भारती, अनूज मिश्रा, सुजीत ओझा जैसे कलाकार अपने नृत्य, कला, संगीत के जरिए साधकों का मन मोहेंगे। लोक नृत्य और संगीत की अद्भुत प्रस्तुति भी महोत्सव में चार चांद लगाएगी। भारत योग के माध्यम से विश्व को शांति का संदेश दे रहा है। इसलिए इस अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में दुनिया भर से लोग योग की बारीकियां सीखने के लिए आते हैं। वैसे भी योग नगरी के नाम से प्रसिद्ध ऋषिकेश के नैसर्गिक सुंदरता भी ऐसी है लोग खुद बखुद यहां प्रकृति का आनंद लेने के लिए आ जाते हैं। लेकिन महोत्सव के कारण लोग और भी आकर्षित हो जाते हैं कि यहां के घूमने के बहाने योग की साधना भी हो जाएगी। यानी यहां आकर प्रकृति के साथ साक्षात्कार तो होगा ही, साथ ही योग साधना के जरिए ईश्वर से भी साक्षात्कार का अनुभव प्राप्त होगा।

# घटबगड़ के लोगों ने किया जिला कार्यालय पर प्रदर्शन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बारिश में क्षतिग्रस्त हुई दीवार अभी तक नहीं बनने पर घटबगड़ वार्ड के लोगों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज लोगों ने कलक्ट्रेट में पहुंचकर प्रदर्शन किया। साथ ही पालिका पर क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाया है। जिला प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। सोमवार को घटबगड़ वार्ड निवासी कलक्ट्रेट



पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि बारिश में उनकी कॉलोनी की सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। भूस्खलन के चलते उनके घर के आगे का आधा प्रांगण भी ध्वस्त हो गया है। यहां अप्रिय घटना होने का संकट बना हुआ है। इस समस्या को लेकर उन्होंने कई बार पालिका से गुहार लगा दी है, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्हें सिफ आश्वासन दिया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान करने की मांग की है। मांग करने वालों में भगवत राम, गौरी देवी, मंजू देवी, आशा, हेमा, गोपाल राम व आनंद राम आदि मौजूद रहे।

# हादसों में हुई मौत और घायलों को जारी किए 27 लाख 40 हजार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पब्लिक सर्विस वाहनों से अब तक हुए हादसों में अपनी जान गवा चुके और घायलों को प्रशासन ने राहत दी है। सड़क दुर्घटना राहत निधि के तहत संभागीय परिवहन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2020 से जनवरी 2023 तक 21 मृतकों को 22 लाख रुपए वितरित किए जा चुके हैं। जबकि इन हादसे में 21 घायलों को 5 लाख 40 हजार रुपए दिये गये हैं। दरअसल सरकार द्वारा पब्लिक सर्विस से जुड़े वाहनों से हादसों की मजिस्ट्रेड जांच के बाद एडीएम एफआर और एआरटीओ प्रवर्तन के सयुक्त हस्ताक्षर से पीड़ित को मुआवजा देने का प्रवधान है। आंकड़ों में नजर दौड़ाई जाए तो वर्ष वार पब्लिक सर्विस से जुड़े वाहनों से हुई मौत और घायलो को दी गई धनराशि। जनवरी 2023 से मृतक का मुआवजा एक लाख से बढ़ा कर दो लाख रुपए सरकार द्वारा किया गया है। वर्ष 2020 3 मृतको को 3 लाख रुपए जबकि 18 घायलो को 4 लाख 20 हजार का मुआवजा दिया गया। वर्ष 2021 में हुए हादसों में मजिस्ट्रेड जांच पूरी ना होने पर अब तक मुआवजा निर्धारित नहीं हुआ है। वर्ष 2022 में अलग अलग हादसों में 17 मृतक को 17 लाख जबकि दो घायलों को 80 हजार रुपए दिए गए है। वर्ष 2023 जनवरी में एक मृतक को दो लाख और एक घायल को 40 हजार रुपए दिए जा चुके है।

# आप कार्यकर्ताओं ने फूंका केन्द्र सरकार का पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी ने बुद्ध पार्क तिकोनिया में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। केंद्र सरकार के दवाब में सीबीआई द्वारा दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर आक्रोशित आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस तरीके से आम आदमी पार्टी की राज्य दर राज्य बड़ती लोकप्रियता से घबराकर भारतीय जनता पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी को मुख्य चुनावी चुनौती के रूप में देख रही है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन सचिव समित टिक्कू ने कहा कि बार बार ईडी और सीबीआई द्वारा उप मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार के घर दफ्तर में छापेमारी करने के बाद भी जब कोई साक्ष्य नहीं मिल पाया तो द्वेष पूर्ण राजनीति से प्रेरित होकर और आम आदमी पार्टी के बढ़ते हुए जनाधार को देख घबराकर मनीष सिसोदिया को झूठे मुकदमे में



फसा कर गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और आम आदमी देश भर में आक्रोशित है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बिना शर्त अति शीघ्र मनीष सिसोदिया की रिहाई की मांग की है और अगर सिसोदिया को जल्द रिहा न करा गया तो आम आदमी पार्टी उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी शासन प्रशासन और वर्तमान सरकार की होगी। पुतला दहन करने वालों में जिला अध्यक्ष राजीव लोचन, जिला महा सचिव संगठन देवेंद्र कुमार, जिला सचिव समी कुरैशी, हर्ष सिरोही, पंकज कुमार, गोपाल बिष्ट, माया दुबे, बीना देवी, सुनीता आर्या, भावना पाठक, दुर्गा मेहरा, मनोज, काशी, प्रमोद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का होली उत्सव समारोह तीन को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा होली त्यौहार के मद्देनजर आगामी 3 मार्च दिन शुक्रवार को होली उत्सव समारोह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जायेगा। जो कि रामपुर रोड़ स्थित शकुंतलम बैंक्विट हॉल में प्रात: 11 बजे से एक दूसरे के गुलाल लगाकर मनाया जाएगा। जिसमें सभी पत्रकार बंधुओं के साथ साथ शहर के प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहेंगे। संस्था के सभी पदाधिकारी व सदस्य होली मिलन कार्यक्रम के आयोजन के लिए जोर-शोर से तैयारियों में जुटे हैं। वरिष्ठ पत्रकार व जिलाध्यक्ष डॉ. विपिन चंद्रा द्वारा बताया गया कि होली मिलन कार्यक्रम को देखते हुए कुछ दिन पहले संस्था के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने सफल आयोजन के लिए तैयारियां शुरू कर दी थी। जो कि हर साल की तरह इस बार भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। तैयारियों में बीसी भट्ट, गणेश पाठक, विजेंद्र मेहता, विपिन चंद्रा, अनुज सक्सेना, भूपेंद्र गुप्ता, हिमांशु वाष्णेय, पंकज सक्सेना, संजय प्रसाद, सर्वेश तिवारी आदि जुटे हुए हैं।

# उद्योग मित्र की बैठक में डीएम ने सुनी समस्याएं

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में नवीन कलेक्ट्रेट में जिला उद्योग मित्र की बैठक आयोजित की गई। जनपद में पंजीकृत उद्यम इकाइयों एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति तथा विशेष एकीकृत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत आने वाले उद्यमियों के ब्याज उपादान के दावों, विद्युत उपादान दावों, पूंजी निवेश सहायता दावों एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने महाप्रबन्धक उद्योग को निर्देश दिये कि ब्याज उपादान दावों हेतु निदेशालय स्तर से बजट की मॉग की जानी है उसके लिए समय से पत्राचार किया जाय। बैठक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र मीरा बोरा ने बताया कि पूर्व में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में एमएसएमई नीति 2015 (यथा संशोधित 2020) के अंतर्गत 20 इकाइयों के ब्याज उपादान दावे एवं 01 इकाई के विद्युत उपादान दावे उपादान स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त के सापेक्ष निदेशालय देहरादून से बजट की मांग भी कर ली गई है। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी हेमेन्द्र गंगवार सहित अन्य उद्यमी उपस्थित थे।

# मोनिका ढाली के पिता के निधन पर जताया शोक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा अपने पारिवारिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के पश्चात



सोमवार को सुबह दिल्ली से रुद्रपुर पहुंची। वह महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष मोनिका ढाली के आवास पर पहुंची और उनके दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की और महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली सहित उनके परिजनों को ढाढस बंधाया।इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी डॉ सुमित राय सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# तीनों ऊर्जा निगमों में कर्मचारियों की हड़ताल पर छह महीने तक रोक

देहरादून। सरकार ने प्रदेश के तीनों ऊर्जा निगमों में कर्मचारियों की हड़ताल पर रोक लगा दी है। छह माह तक कोई भी कर्मचारी संगठन हड़ताल करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन से जारी अधिसूचना के बाद निगमों के स्तर से भी कर्मचारी संगठनों को इसकी सूचना भेज दी गई है। सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम ने उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम 1966 (एस्मा) (उत्तराखंड राज्य में यथा प्रवृत्त)(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 30, 1966) की धारा-3 की उपधारा-1 के तहत छह माह की अवधि के लिए उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड, उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड और पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड में छह माह के लिए हड़ताल प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया। अधिसूचना जारी होने के छह माह तक कोई भी कर्मचारी संगठन हड़ताल नहीं कर सकेगा। अब इस संबंध में निगमों के स्तर से कर्मचारी संगठनों को सूचना भेजी जा रही है।

# कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट

देहरादून। उत्तराखंड में मैदान से लेकर पहाड़ तक एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते अगले 24 घंटे में देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, टिहरी, पौड़ी में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। जबकि 3500 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना है। बारिश और बर्फबारी को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। दूसरी ओर मौसम में बदलाव के चलते राज्य के पर्वतीय इलाकों में सोमवार को बारिश हुई। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक चमोली के पांडुकेश्वर में सबसे अधिक 12.5 मिमी, नारायण आश्रम में सात मिमी, जौलजीबी में 6.5 मिमी, तपोवन में पांच मिमी, जखोली में 10 मिमी, मुंस्यारी में 8.4 मिलीमीटर, धारचूला में चार मिमी और ऊखीमठ में 2.4 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह के मुताबिक अगले 24 घंटे में देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर व पिथौरागढ़ में बारिश के साथ ही बिजली गिरने और कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी संभावना है।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में उठी कई समस्याएं

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। विकासखण्ड सभागार द्वाराहाट में सोमवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन ब्लॉक प्रमुख दीपक किरौला सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो समस्यायें आज सदन में दर्ज करायी गयी है उनकी पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाय और शिकायतकर्ता को सदन को दी। धन्यारी के प्रधान ने सदन को अवगत कराया कि खिरो नदी में गंदगी होने के कारण कई पेयजल योजनाएं से लोग दूषित पानी पीने को विकास में मनरेगा में हो रही दिक्कतों को अधिकारियों के सम्मुख रखा। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रत्येक शुक्रवार को ब्लॉक में अधिकारियों से स्वास्थ्य, बाल विकास, वन, दुग्ध, सहकारिता, पशुपालन आदि विभागों पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने दूनागिरी क्षेत्र में नई उनका निस्तारण किया जाय।सदन में सांसद प्रतिनिधि कैलाश भट्ट, संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत जयकिशन, परियोजना निदेशक चन्द्रा राज, तहसीलदार लीना





की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख क्षेत्र पंचायत ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जो समस्यायें सदन में रखी है उन शिकायतों का निस्तारण एक तय समय सीमा अन्तर्गत करना भी अवगत कराया जाय। सदन में हर घर नल हर घर जल योजनान्तर्गत पाईप लाइन बिछाने को लेकर जनप्रतिनिधियों ने शिकायत की। प्रधान तल्ली कहाली ने खिरघाटी पम्पिंग योजना के अन्तर्गत पानी नहीं मिलने व बिल आने की जानकारी भी मजबूर है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं स्थलीय निरीक्षण करने का आश्वासन सदन को दिया। इसके अलावा कृषि विभाग पर जनप्रतिनिधियों ने किसान सम्मान निधि, उद्यान विभाग पर पौंधों के वितरण में अनिमियता, ग्राम्य उपस्थित रहकर जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुनने का निर्देश दिये। उन्होंने लाइन मैनों को मानदेय की व्यवस्था 15 मार्च तक करने के निर्देश भी अधिकारियों को दियें इसके अलावा सदन में विद्युत, पीएमजीएसवाई, शिक्षा, प्रजाति के सेब आदि के पौधे वितरित करने की मॉग की।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सदन में जो समस्यायें सदस्यों द्वारा रखी गयी है उन शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेते हुए चन्द्रा, ज्येष्ठ प्रमुख नंदिता भट्ट, बीडीओ संतोष जेठी, प्रधान संगठन अध्यक्ष नरेन्द्र अधिकारी, जगदीश बुधानी, भूपेन्द्र कांडपाल, कन्नू साह, प्रकाश अधिकारी, दीवान अधिकारी, मनोज मेहरा आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पुलिस कर्मियों को दी प्राथमिक चिकित्सा उपचार की जानकारी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फायर ब्रिगेड एसडीआरएफ यातायात पुलिस और चीता टीम को प्राथमिक उपचार की जानकारी दी। फायर ब्रिगेड कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में पुलिस कर्मियों को आपदा के समय घायलों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरीश पोखरिया ने अपनी टीम के साथ पुलिसकर्मियों को प्राथमिक चिकित्सा उपकरणों और आपदा की स्थिति में मरीज



को दी जाने वाली आवश्यक प्राथमिक उपचार की जानकारी दी। डॉ. पोखरिया ने पुलिस कर्मियों को आपदा के समय मुख्य सेवक के रूप में कार्य करने वाला सारथी बताया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को कठिन और विपरीत समय मे आपदा के समय त्वरित गति से किया जाने वाले रेस्क्यू अभियान में पुलिस कर्मियों की जनहानि बचाने में भूमिका सराहनीय है। इस दौरान स्वास्थ विभाग की टीम में डॉ आकाश,सीएचओ ममता,कल्पना जोशी, के साथ फायर बिग्रेड प्रभारी गोपाल सिंह रावत,यातायात उपनिनिरिक्षक गोपाल भंडारी,सहित एसडीआरएफ और पुलिस टीम मौजूद रही।

## कबड्डी प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)।एसएस पब्लिक स्कूल में आयोजित एक सम्मान समारोह में गत 26 फरवरी को आयोजित ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने प्रसाद ने बताया कि एसएस पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अग्रसर है। विद्यालय के एमडी डीपी सिंह ने उपलब्धि पर विद्यालय के सभी खिलाड़ियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए जाने का कार्य किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 से नर्सरी एलकेजी ,यूकेजी कक्षाओं का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रबंधन समिति का कहना है कि कमरे में टाइल्स पेंटिंग एवं अन्य साज विद्यालय कृत संकल्प है। इस अवसर पर श्री सिंह ने अवगत कराया कि जब तक एस पब्लिक स्कूल को सर्वोच्च शिक्षण संस्था नहीं बना देंगे चैन से नहीं बैठेंगे। इस अवसर पर राजकुमार नगर





वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गदरपुर द्वारा ए एन के इंटर कॉलेज गूलरभोज में किया गया था, इसमें शहर विकासखंड एवं ग्रामीण विकास खंड से 14 टीमों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कहा कि एसएस पब्लिक स्कूल क्षेत्र के शिक्षा स्तर को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रसिद्ध है तथा निरंतर क्षेत्र में कार्यरत है विद्यालय में ना केवल शिक्षा एस एस स्पोर्टस एकेडमी द्वारा विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करते हुए अपने विद्यालय शहर एवं जिले के नाम को गौरवान्वित किए सज्जा का कार्य जोरों पर है उन्होंने बताया दूसरे प्रवेश द्वार का निर्माण भी किया जा रहा है जिसके लिए पक्की सड़क का निर्माण जारी है कक्षाओं का आरंभ 5 अप्रैल से किया जाएगा। एमडी डीपी सिंह ने अवगत कराया कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो इसके लिए कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रदीप चौधरी ,सचिन बजाज ,उमेश चौहान, इंद्रजीत सिंह, केवल कंबोज, अजीत सिंह, कुमारी कीर्ति फौगाट कुमारी रेखा आदि उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिला कार्यालय सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों को समयबद्धता, गुणवत्ता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति के साथ ही जल जनित बीमारियों



की रोकथाम हेतु भी यह योजना बहुत उपयोगी है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी परिवार पेयजल कनेक्शन से वंचित न रहे। बैठक में नोडल अधिकारी अधिशासी अभियंता मृदुला सिंह ने बताया कि जनपद में 324 पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 300 योजनाओं के टेंडर अवार्ड की जा चुके हैं, जिसमे से 268 योजनाएं प्रगति पर हैं, 12 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जिला शीघ्र ही निर्धारित वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, जिला पंचायतराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी ने विजेता दिव्यांग खिलाडियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नेपाल के काठमांडू मे आयोजित पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में विजयी होकर लौटी टीम इंडिया की कप्तान नीलिमा राय और खिलाड़ी रेखा मेहता एवं राज्य सरकार द्वारा देहरादून में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोला फेंक मे विजेता खिलाड़ी आलोक तिवारी को सिटी क्लब में डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने माला पहनाकर पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि नेपाल के काठमांडू में पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता का आयोजन 19 फरवरी से 21 फरवरी को हुआ था। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में टीम इंडिया की कप्तान नीलिमा राय और खिलाड़ी रेखा मेहता ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांग प्रतियोगिता में गोला फैंक प्रतियोगिता में आलोक तिवारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। तीनों खिलाड़ियों के सम्मान में



डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी ने सिटी क्लब में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ की अगुवाई में विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने कहा कि दिव्यांग खिलाडियों को आगे बढ़ाने के लिए हमारी संस्था सदैव इन खिलाडियों के साथ है उनको खेलों में कभी भी किसी प्रकार की जरुरत होने पर हम सभी साथ है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ी भी अन्य खिलाड़ियों की तरह ही हमारी शान है। उनका मनोबल नहीं गिरने दिया जायेगा। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संरक्षक पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुरेश परिहार, जेबी सिंह, कुमाऊ विश्व विद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डा. नागेंद्र शर्मा, सुभाष अरोरा, उपाध्यक्ष सीए एसोअशोक सिंघल, ब्राह्मण महा सभा अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ, कृष्णपाल गंगवार, मनोज गुप्ता, प्रदेश सचिव हरीश चौधरी मौजूद रहे।

## गदरपुर मुख्य मार्ग के लिए 7.36 करोड की धनराशि स्वीकृत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने बताया कि अब गदरपुर बाईपास प्रभाग में बाजार वाले हिस्से में एस आई एम टी से लेकर झगडपुरी तक लगभग 7.50 किलोमीटर लंबाई में हॉट मिक्स रोड का कार्य 3 माह के अंतर्गत संपादित किया जाएगा जिसके लिए बजट आवंटित हो चुका है। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने बताया कि एनएचएआई द्वारा वन टाइम इंप्रूवमेंट के लिए लोक निर्माण विभाग को 7.36 करोड रुपए की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है जो कि गदरपुर बाईपास क्षेत्र में बाजार वाले हिस्से में एसआईएमटी से लेकर झगडपुरी तक 7.50 किलोमीटर लंबाई में हॉट मिक्स रोड का कार्य किया जाएगा श्री भट्ट ने बताया कि विभाग को निर्देशित किया गया है कि तत्काल टेंडर कराकर अगले 3 महीने के अंदर बाजार क्षेत्र में हॉट मिक्स का कार्य संपादित किया जाए जिससे कि स्थानीय जनता को गड्ढों से निजात मिल सके।

## उत्तराखंड में अब हर साल होगी पीसीएस की परीक्षा

देहरादून। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग अब पीसीएस की परीक्षा हर साल कराएगा। वहीं, आयोग ने तय किया है कि पीसीएस परीक्षाओं में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा का पैटर्न लागू किया जाएगा। इसका प्रस्ताव पास कर आयोग ने शासन को भेज दिया है। उधर, शासन ने भी अगली पीसीएस परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि पिछली पीसीएस मुख्य परीक्षा वर्ष 2017 में हुई थी। अब पीसीएस मुख्य परीक्षा 2023 में हुई है। दो पीसीएस परीक्षाओं के बीच पांच साल का अंतर है। लिहाजा, आयोग ने तय किया है कि अब दो पीसीएस परीक्षाओं के बीच यह अंतर नहीं होगा। बल्कि पीसीएस-जे और यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की भांति आयोग पीसीएस परीक्षा भी हर साल कराएगा। इसका प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। इस नाते इस साल की पीसीएस प्री परीक्षा जुलाई माह में प्रस्तावित है।आयोग के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि अभी तक उत्तराखंड पीसीएस और यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के पैटर्न अलग-अलग हैं। इस वजह से युवाओं को दोनों परीक्षाओं की अलग से तैयारी करनी पड़ती है। आयोग ने तय किया है कि अब राज्य पीसीएस परीक्षा में भी सिविल सेवा परीक्षा का पैटर्न लागू होगा। आयोग ने इसका प्रस्ताव पास कर शासन को भेज दिया है। शासन की अनुमति के बाद यह बदलाव पीसीएस-2023 परीक्षा से ही लागू हो जाएगा। पीसीएस परीक्षा हर साल कराने के फैसले के तहत शासन में कार्मिक विभाग भी हरकत में आ गया है। विभाग ने सभी विभागों को पत्र भेजकर पीसीएस के लिए रिक्तियां मांगी हैं। रिक्तियां आने के बाद शासन स्तर से राज्य लोक सेवा आयोग को भर्तियों का प्रस्ताव (अधियाचन) भेजा जाएगा, जिसके आधार पर आयोग विज्ञप्ति जारी करेगा। राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार के मुताबिक, उत्तराखंड सरकार के उत्तराखंड की अधिवासित महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण के संबंध में जो उत्तराखंड लोक सेवा (महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण) अधिनियम, 2022 जारी किया गया है, आयोग उसे सभी परीक्षाओं में नियमानुसार लागू करना सुनिश्चित कर रहा है।





# प्राचीन भूमिया देवी मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर के वार्ड संख्या 5 स्थित प्राचीन भूमिया देवी मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें प्रथम दिन महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, जो कि नगर के जेल कैंप मार्ग होते हुए खटीमा मार्ग, किच्छा मार्ग, मोनी बाबा मंदिर पर संपन्न हुई। इस दौरान नगर के समाजसेवियों एवं राजनीतिक लोगों ने यात्रा में भाग लिया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, भाजपा नेता खूब सिंह विकल, वार्ड सभासद रवि रस्तोगी, ललित सक्सेना, पंडित हरीश भट्ट, सतीश उपाध्याय, अरविन्द श्रीवास्तव, अनिल रस्तोगी, भोला जोशी, दीपू भट्ट, कशिश अरोरा, राजेन्द्र सिंह, हेम शर्मा, राजेश रस्तोगी, धर्मा देवी आदि मौजूद रहे।





## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# नागरिकों की सुरक्षा

सरकार का दावा है कि कश्मीर घाटी में हालात काबू में हैं। मगर पुलवामा के अचन गांव में एक कश्मीरी पंडित की हत्या से इस पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। यह सही है कि घाटी में सुरक्षा बलों और सैन्य ठिकानों पर हमले अब काफी कम हो गए हैं, लेकिन आम नागरिकों और खासकर कश्मीरी पंडितों और प्रवासी कामगारों की सुरक्षा से जुड़े सवाल अब भी अहम हैं। इन्हें लंबे समय से योजनाबद्ध तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। इसे रोक पाने में सरकार को विशेष सफलता मिलती नहीं दिख रही है। लक्षित हमलों में अक्तूबर 2021 से अब तक पांच पंडितों की हत्या की जा चुकी है। इनमें से चार ऐसे थे, जिन्होंने 1990 में आतंक के भयावह दौर में भी घाटी से पलायन नहीं किया था। अचन गांव के साठ पंडित परिवारों में से उनसठ तभी पलायन कर गए थे। अब ताजा घटना में मारे गए कश्मीरी पंडित का परिवार भी पलायन की सोच रहा है। सरकार पंडितों पर खतरे से अनजान नहीं है। मारे गए व्यक्ति को पुलिस ने जान पर खतरे के बारे में पहले ही आगाह कर दिया था, जिसके बाद वे पिछले तीन-चार महीने से अपने काम पर नहीं जा रहे थे। घर के पास सुरक्षा के लिए पुलिस की भी तैनाती थी। इस सारे एहतियात के बावजूद उनकी हत्या हो जाने से लगता है कि आतंकियों के पास स्थानीय समर्थन है, जो उन्हें लक्ष्य की गतिविधियों की खबर देता था। इससे पहले भी ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें पड़ोसियों या सहकर्मियों ने ही आतंकियों तक सूचनाएं पहुंचाईं और फिर किसी निर्दोष को निशाना बनाया गया। सुरक्षातंत्र आतंकी संगठनों और आतंकियों के बारे में खुफिया सूचनाएं इकट्ठा कर उनके इरादों पर पानी फेर सकता है, लेकिन जब आम नागरिक अपने पड़ोसी या सहकर्मी के बारे में आतंकियों को खबर देने लगें, तो इसे रोक पाना कठिन चुनौती है। इन हत्याओं से आम पंडितों और प्रवासी कामगारों को यह लगना स्वाभाविक है कि सरकार उनकी सुरक्षा में विफल है और वे फिर पलायन की सोच सकते हैं। पर यह आतंक को खाद-पानी देने जैसा होगा। आतंक के पोषक और उनके आका भी यही चाहते हैं कि डर कर घाटी में बचे-खुचे पंडित भी पलायन कर जाएं और दशकों पहले घर-बार छोड़ कर भाग चुके पंडित घर वापसी के बारे में कतई न सोचें। सरकार घर-बार छोड़कर भाग चुके पंडितों की घाटी में वापसी चाहती है। पर वे लोग, जिन्होंने नब्बे के दशक में आतंक के दौर में भी घाटी नहीं छोड़ा, अब चुन-चुन कर मारे जा रहे हैं तो जम्मू या देश के अन्य हिस्सों में रह रहे पंडितों को वापसी के लिए कैसे मनाया जा सकता है। असुरक्षा की भावना अब भी उतनी ही है, जितनी पहले थी। इनमें अपनी सुरक्षा के प्रति भरोसा जगाना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। घाटी में सक्रिय आतंकियों के खात्मे में सुरक्षा तंत्र ने काफी कामयाबियां हासिल की हैं। अब जरूरत है खुफिया तंत्र को दूसरी तरह की चुनौतियों का सामना करने को तैयार करने की। आतंकी संगठनों में नए भर्ती हुए युवाओं और उनके मददगारों की शिनाख्त जरूरी है, ताकि लक्षित हत्याओं के उनके इरादों को पहले ही नाकाम किया जा सके। घाटी में हालात सुधरने के केंद्र सरकार के दावों की सत्यता इसी से परखी जाएगी कि घाटी में अल्पसंख्यक पंडित और प्रवासी कामगार खुद को कितना सुरक्षित महसूस करते हैं।


# धर्मांतरण पर अंकुश के लिए संघ की सोशल इंजीनियरिंग

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बड़े आदिवासी अंचलों में इन दिनों एक नारा बहुत जोर से गूंज रहा है, 'जो भोलेनाथ का नहीं, वो मेरी जात का नहीं।' यह वातावरण अचानक नहीं बना है। इसे जमीन पर उतारने और जनजाति समुदाय की जुबान तक लाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दो दशक से सोशल इंजीनियरिंग अर्थात सामाजिक अभियांत्रिकी की पृष्ठभूमि रचने में लगा था, जिसका असर अब स्पष्ट दिखाई देने लगा है। दस फरवरी 2023 को इस समूह की गर्जना भोपाल में सुनाई दी थी। छह महीने पहले से इसकी तैयारी मालवा के धार, झबुआ, रतलाम और बड़वानी जिलों में चल रही थी। इस गर्जना का लक्ष्य डी-लिस्टिंग यानी धर्मांतरित आदिवासी- वनवासी समुदायों के लोगों को सरकारी नौकरी में आरक्षण और छात्रवृत्ति की सुविधा से बाहर करना है। अगली महापंचायत दिल्ली में होगी। ताकि 1970 से संसद में लांबित डी-लिस्टिंग के बिल को पारित कराया जा सके। चूंकि इस अभियान की पृष्ठभूमि में संघ और भाजपा हैं, इसलिए भविष्य में विधेयक पारित हो जाने की उम्मीद बढ़ गई है। यह विधेयक भाजपा के लिए 2023 में राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और 2024 में लोकसभा चुनाव में जीत के लिए रामबाण साबित हो सकता है। जिस सोशल इंजीनियरिंग की शुरूआत कांशीराम ने बहुजन समाज पार्टी के गठन और कांग्रेस से सत्ता हस्तांतरण के लिए की थी। उसी का परिणाम रहा कि मायावती को उत्तरप्रदेश की मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला था। शायद इसी इसी अभियान से प्रेरणा लेकर संघ ने आदिवासियों के बीच डी-लिस्टिंग की चिंगारी को हवा दी। गौरतलब है कि पूरे देश में करीब 12 करोड़ वनवासी समुदाय के लोग हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश में इनकी जनसंख्या सबसे अधिक 1.53 करोड़ है। इनमें 39 प्रतिशत वे भील हैं, जो प्रदेश के मालवा अंचल में रहते हैं। भीलों को जनजातियों में सबसे भोली प्रजाति माना जाता है। नतीजतन इनका ही सबसे ज्यादा धर्मांतरण हुआ। संघ के जमीनी कार्यकर्ताओं ने इस स्थिति की वास्तविक जानकारी ली और 2007 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सबसे पहले 'जनजाति सुरक्षा मंच' का गठन किया। अब यह 14 राज्यों में फैल गया है। मध्य भारत प्रांत के मंच प्रमुख कैलाश निमामा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को इस मुद्दे पर एकजुट करने में लगे हैं। उनका दावा है कि केवल पांच प्रतिशत धर्मांतरित मूल जनजातियों के लोग 70 प्रतिशत इस समुदाय के लिए आरक्षित नौकरियों और छात्रवृत्तियों को हथिया लेते हैं। इसका नतीजा है कि 95 प्रतिशत आदिवासियों को लाभ का महज 30 प्रतिशत हिस्सा ही मिल पाता है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक देश के 288 जिलों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम धर्मांतरित आदिवासियों को जाति से बाहर करने के ज्ञापन दिए जा चुके हैं। 244 सांसदों को समर्थन जुटा लिया गया है। साफ है, दिल्ली में महारैली के बाद धर्मांतरित लोगों को अनुसूचित जनजाति से बाहर करने का विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित होने की उम्मीद बढ़ जाएगी। हालांकि इस मांग की दिशा में पहल करते हुए केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व प्रधान न्यायाधीश केजी बालकृष्णन की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आयोग का गठन कर चुका है। दो वर्ष में यह आयोग अध्ययन करेगा कि ऐतिहासिक रूप से सामाजिक असमानता और भेदभाव झेलते चले आ रहे आदिवासी यदि संविधान के अनुच्छेद 341 में उल्लेखित धर्मों हिंदू, सिख और बौद्ध के अलावा किसी अन्य धर्म ईसाई या इस्लाम में मतांतरित हो गए हैं तो क्या उन्हें अपना मूल धर्म बदलने के बाद भी अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जाकर सरकारी नौकरियों, पदोन्नतियों और शिक्षा में दिए जाने वाले आरक्षण संबंधी लाभ मिलने की पात्रता दी जा सकती है? एक साल पहले लोकसभा में भाजपा के दो सदस्यों ने धर्मांतरण का मुद्दा उठाते हुए मांग की थी कि दूसरा धर्म अपनाने वाले लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। झारखंड से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और मध्यप्रदेश के ढालसिंह बिसेन ने कहा था कि अनुसूचित जातियों और जनजातियों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन का चलन लगातार बढ़ रहा है। दरअसल संविधान के अनुच्छेद 342 में धर्म परिवर्तन के संबंध में अनुच्छेद.341 जैसे प्रावधान में लोच है। 341-1 में स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति (एसटी) के लोग धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इस कारण यह वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है। जबकि 342-2 के अंतर्गत संविधान निर्माताओं ने जनजातियों के आदि मत और पुरखों की पारंपरिक सांस्कृतिक आस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजातियों को राज्यवार अधिसूचित किया जाएगा। यह आदेश राष्ट्रपति द्वारा राज्य की अनुशंसा पर दिया जाता है। इस आदेश के लागू होने पर उल्लेखित अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान सम्मत आरक्षण के अधिकार प्राप्त होते हैं। इस आदेश के लागू होने के उपरांत भी इसमें संशोधन का अधिकार संसद को प्राप्त है। इसी परिप्रेक्ष्य में 1956 में एक संशोधन विधेयक द्वारा अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध के लिए प्रावधान किया गया था कि यदि इस जाति का कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म स्वीकार्यता है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। किंतु यह विधेयक पारित नहीं हो पाया है। इसके बाद 1967 में बिहार के जनजातीय नेता कार्तिक उरांव ने डी-लिस्टिंग के लिए 235 सांसदों का समर्थन जुटाया और 1970 में निजी विधेयक लेकर आए। लेकिन यह विधेयक पारित नहीं हो पाया और आज तक लांबित चला आ रहा है। गोया, अनुच्छेद 342 में 341 जैसे प्रावधान हो जाते हैं, तो अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण की समस्या पर स्वाभाविक रूप से अंकुश लग जाएगा। राज्यसभा में भाजपा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव द्वारा पुछे गए एक सवाल के जबाव में पूर्व विधि मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भी कहा था कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के जिन लोगों ने इस्लाम या ईसाई धर्म अपना लिया है, वे आरक्षण के लाभ का दावा नहीं कर सकते हैं। यही नहीं ये लोग सरकारी नौकरियों के साथ-साथ संसद और विधानसभा के लिए आरक्षित सीटों पर भी चुनाव लड़ने के योग्य नहीं माने जाएंगे। केवल हिन्दू,सिख और बौद्ध मत को मानने वाले लोग ही अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट से चुनाव लड़ने की पात्रता रखेंगे। इन्हीं लोगों को सरकारी नौकरियों की पात्रता रहेगी। उन्होंने आगे यह भी स्पष्ट किया था कि इस्लाम और ईसाई धर्म अपना चुके अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों को संसद या विधानसभा चुनाव लड़ने से रोकने के लिए जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम में भी संशोधन की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि हिंदुत्व को मानने वाले और इस्लाम या ईसाई धर्म अपना चुके लोगों के बीच अधिनियम में पहले से ही स्पष्ट विभाजन रेखांकित है। इस बयान से साफ होता है कि इस्लाम और ईसाई धर्म अपनाने वाले दलित और बृहद हिंदू धर्म के तहत आने वाले दलितों के बीच अंतर साफ है।2024 के आम चुनाव से पहले इस विधेयक के पारित होने की उम्मीद है, क्योंकि भाजपा बड़े धैर्य से आदिवासियों के अलावा अनुसूचित जाति, पिछड़े, अतिपिछड़े और पसमांदा मुसलमानों का सोशल समीकरण अपने पक्ष में लगी है।आदिवासी समुदाय की महिला ज्योति मुर्मू का राष्ट्रपति बनाया जाना इसी कड़ी का हिस्सा है।

**-प्रमोद भार्गव लेखक वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार**

# रोज करें योग: स्वस्थ रहें मस्त रहें और खुश रहें

पेट संबंधी समस्याएं आम हो गई हैं और हर कोई किसी न किसी तरह की समस्या से गुजर रहा है। पेट सही रहता है तो कई तरह की बीमारियों से बचाव होता है। खानपान में फायरबरयुक्त डाइट के साथ नियमित योगासन करने से लाभ मिलता है। कई तरह के आसन हैं जिनको योग विशेषज्ञ की सलाह पर किया जाए, तो पेट संबंधी विकार दूर होते हैं। तो आइए जानते हैं कौन से योगासन पेट के लिए होते हैं फायदेमंद जिन्हें नियमित करना चाहिए पेट के समस्त रोगों की तकलीफ से आराम दिलाते हैं ये योगासन। अल्सर, कब्ज जैसी पेट संबंधी बीमारियों से हैं परेशान? इन योगासन से दूर हो जाएगी पेट की हर समस्या। अल्सर, कोलाइटिस, कब्ज जैसी कई बीमारियां पेट को परेशान करती हैं। अगर ये योगासन रोजाना करें तो उससे पेट से संबंधित सभी बीमारियों से छुटकारा मिल जाएगा। इम्युनिटी के साथ-साथ पाचन तंत्र को दुरुस्त बनाए रखना बेहत जरूरी है। कई मरीजों में संक्रमण से ठीक होने के बाद आंत से जुड़ी परेशानियां देखने को मिल रही हैं। हाजमा ठीक रखने का सबसे अच्छा साधन है योग। अल्सर, कोलाइटिस, कब्ज जैसी कई बीमारियां पेट को परेशान करती हैं। योग करने से पाचन तंत्र अच्छा होगा, साथ ही किसी तरह की बीमारी नहीं होगी। अगर कोई इसे रोजाना करें तो उसकी पेट से संबंधित सभी बीमारियों से छुटकारा मिल सकता है। पेट के समस्त रोगों की तकलीफ से आराम दिलाते हैं ये योगासन **वक्रासन:** इस आसन में बैठ के पीछे की ओर देखना होता है। इससे पेट और पैरों में खिंचाव आता है जिससे पाचन ठीक रहता है और मासंपेशियां मजबूत होती हैं। पेट संबंधी कोई गंभीर तकलीफ है, तो योग करने से पहले विशेषज्ञ से जरूर पूछ लें, नहीं तो परेशानी बढ़ सकती है। नियमित करने से शरीर में अकड़न की समस्या दूर होती है। **कटिचक्रासन:** सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं। एक हाथ को पीछे से कमर पर रखें और कमर को घुमाएं। पेट के लिए सबसे लाभदायक आसन है जो खड़े रहकर आसानी से किया जा सकता है। इसे नियमित करने से कब्ज की समस्या से छुटकारा मिलता है और पाचन शक्ति मजबूत होती है। श्वास रोग में भी ये आसन फायदा पहुंचाता है। **पवनमुक्तासन:** पहले एक-एक पैर को मोड़कर घुटने को नाक के पास ले जाएं। इसके बाद दोनों पैरों को एकसाथ मोड़कर नाक के पास ले जाएं। नियमित करने से लाभ होगा और पेट संबंधी विकार दूर होंगे। इसे नियमित करने से पीठ व पेट की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। पेट से वायु को निकालता है और पाचन क्रिया को ठीक रखने में मदद करता है। माहवारी, गदर्न, कमर में दर्द है तो न करें। **चक्रासन:** पेट और पीठ दोंनों तरह की समस्याओं में आराम मिलता है। दोनों पैरों को पास लेकर जाएं। इसके बाद दोनों हाथों को पीछे की ओर लेकर जाएं। इसके बाद कमर को उठाएं। इस क्रिया को करते वक्त शरीर पूरी तरह चक्राकार अवस्था में आ जाएगा। इसे नियमित करने से पेट के रोगों में आराम मिलता है। कोई ऑपरेशन, पेट या कमर संबंधी तकलीफ लंबे समय से है तो इसे करने से बचना चाहिए। ध्यान दें-सुबह के समय योग करना फायदेमंद होता है। किसी बीमारी का इलाज चल रहा तो पूछकर करें।- खाना खाने के तुरंत बाद योग नहीं करना चाहिए। योग करते हुए क्षमता से अधिक कोशिश न करें। बीमारी से ठीक हुए हैं तो करने से पहले पूछ लें। वजन कम करने में कारगर है नारियल पानी, जानें अन्य स्वास्थ्य लाभ पेट की बीमारियों के लिए रोजाना करें ये योगासन योगिक जॉगिंग , वजन कम करने में मददगार,बॉडी फ्लेक्सिबल बनती है, पाचन क्रिया ठीक रहती है, पेट की समस्याओं में राहत मिलती है। **ताड़ासन :** बल्ड सर्कुलेशन अच्छा होता है, रोज अभ्यास से लंबाई बढ़ती है, घुटने, टखने मजबूत बनते हैं, तिर्यक ताड़ासन , मन शांत होता है, दिल को मजबूत बनाता है, वजन घटता है, लंबाई बढ़ती है, दिल को मजबूत बनाता है, शरीर लचीला होता है, मन शांत होता है आदि। **पाचन तंत्र ठीक रखने के लिए योगासन :** भुजंगासन, रीढ़ की हड्डी मजबूत होगी, पाचन ठीक होगा, तिर्यक भुजंगासन, किडनी को स्वस्थ बनाता है, लिवर से जुड़ी दिक्कतें ठीक होती हैं , फेफड़ों को मजबूत बनाता है, किडनी को स्वस्थ बनाता है ,तनाव, चिंता, डिप्रेशन दूर रखता है। अंतत:निष्कर्ष यह निकलता है कि योग का नियमित अभ्यास हमारे पेट के समस्त अंदरूनी रोगों को ठीक करने में सहायक सिद्ध होता है इसलिए रोज करें योग स्वस्थ रहें मस्त रहें और खुश रहें।





**योगिनी अलका सिंह ,योगा एक्सपर्ट**

# भटखोला में आधुनिक लैब स्थापित

बागेश्वर( उद संवाददाता)। विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (यूसर्क) देहरादून द्वारा अटल उत्कृष्ट राइंका भटखोला में आधुनिक लैब की स्थापना की गई। यू सर्क द्वारा विज्ञान चेतना केंद्र के तहत विभिन्न विज्ञान के मॉडल, रोबोटिक्स मॉडल, भौतिक विज्ञान के अंतर्गत परावर्तन अपवर्तन संदर्भित मॉडल, आवर्त सारणी (डिजिटल) मनुष्य के पाचन, श्वसन, तंत्रिका तंत्र आदि के विभिन्न मॉडल स्थापित किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएन गौतम द्वारा यू सर्क से आये वैज्ञानिकों का धन्यवाद किया गया। यू सर्क प्रभारी नीरज जोशी ने यू सर्क देहरादून द्वारा स्थापित लैब को उपयोगी बताया। इस अवसर पर मनोज मिश्रा, गोविंद सिंह रावत, प्रकाश चंद्र जोशी आदि उपस्थित रहे ।



# ट्रक से कुचलकर भाई की हत्या करने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला ने ट्रक स्वामी पर उसके भाई को ट्रक से कुचल का मार देने का आरोप लगाया है। दर्ज रपट में भावना देवी पत्नी रजनेश कुमार निवासी इकबालपुर थाना सिकनद्वाराऊ जिला हाथरस ने कहा है कि उसका भाई महेश चन्द्र पुत्र मक्खन लाल निवासी श्रीनगर हाथरस ट्रक मालिक राकेश पुत्र कलुआ सिंह निवासी खुरदमा बुलन्दशहर के ट्रक संख्या एमएच 20 डीई 4550 पर ड्राईवर की नौकरी के लिए 25 जनवरी 2023 को गया था। उसका कहना है 16 फरवरी को महेश चन्द्र खाना खाने के बाद शाम वोल्टास गोदाम काशीपुर रोड में गाड़ी खड़ी करने के बाद धूप में सो गया। जहां राकेश पुत्र कलवा ने अपने ट्रक को पीछे करते समय उसके भाई ड्राईवर महेश चन्द्र को कुचल दिया और मौके से भाग गया। भाई का मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी ट्रक स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने चलाया आँपरेशन कामधेनु

अल्मोड़ा। दन्या और धौलछीना पुलिस ने ऑपरेशन कामधेनु के तहत जनमानस को जागरुक किया। आवारा छोड़ गये 20 पशुओं के कानों में पशु चिकित्सकों के माध्यम से टैग लगवाकर रजिस्ट्रेशन कराया गया। पशु पालकों को भविष्य में अपने पालतु पशुओं को आवारा नहीं छोड़ने, गौशालाओं में ही रखकर उनका पालन पोषण करने की उचित हिदायत दी गयी। थाना क्षेत्रान्तर्गत लोगों को आँपरेशन कामधेनु के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए हिदायत दी गयी कि मानवता के नाते अपने पशुओं को सड़कों पर आवारा न छोड़ें, आवारा छोड़ गये पशु वाहन चालकों के लिए सड़क दुर्घटना का कारण भी बन सकते है इसलिए अपने पशुओं को गौशालाओं में ही रखकर पालन पोषण करें, अपने पशुओं को आवारा छोड़ने वाले सम्बन्धित पशु स्वामियों के विरुद्ध उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधिनियम- 2007 एवं गोवंश संरक्षण (संशोधन) अधिनियम- 2015 के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# विकास कार्यों में कोताही बर्दाश्त नही: सीडीओ

## मूलभत सुविधाओ के निराकरण को लेकर बीडीसी सदस्यों ने उठाई मांग

कपकोट(उद संवाददाता)।ब्लॉक सभागार कपकोट में बीडीसी बैठक ब्लॉक प्रमुख गोविन्द सिंह दानू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें सदस्यों द्वारा कृषि, उद्यान, स्वास्थ, शिक्षा, पेयजल, खाद्यान्न सहित सड़क, उद्योग, रिप से संबंधित समस्याओं को उठाया। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि सदन का सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखते हुए मार्यादित भाषा में अपनी बात रखें, ताकि सदन में उठी समस्याओं का निराकरण हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों से सदन में उठी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका निराकरण करने को कहा।सरकार ग्रामीणों के आजीविका संवर्द्धन हेतु प्रतिबद्ध है, इसलिए सभी अधिकारी व जनप्रतिनिधि ग्रामीणों क्षेत्रों का भ्रमण कर कृषि, उद्यान उन्नयन के साथ ही ग्रामीणों को स्वरोजगाार हेतु प्रेरित करें। उन्होंने ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग की अपील की, फायर सीजन में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण वनाग्नि रोकने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। ब्लॉक प्रमुख ने सभी जनप्रतिनिधियों से सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुँचाने, गोट वैली योजना को सफल बनाने की भी अपील की। जनप्रतिनिधि अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए अपने-अपने क्षेत्र का समग्र विकास करें। गांवों में रोजगार सृजन के साथ ही स्वास्थ सुविधाओं में वृद्धि करें, व इनोवेटिव कार्यो को बढावा दें, ताकि पलायन रूक सकें व रिवर्स पलायन हो सके। उन्होंने अधिकारियों से सदन में पंजीकृत समस्याओं के निराकरण की सूचना शिकायतकर्ता व जनप्रतिनिधियों को अवश्य देने के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह ने कहा कि अधिकारी ग्राम पंचायतों की खुली बैठकों में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों में योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए शिविर लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पंचायतों को मजबूत करने के साथ ही विकास कार्यो को धरातल पर उतारें, ताकि प्रत्येक व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा बैठक मे जो भी निर्देश दिए गए है, उनका अनुपालन करना सुनिश्चित करें। कहा कि जिन-जिन विभागों में जो योजनाएं संचालित है, उनकी जानकारी लोंगो तक पहुंचाए तथा उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करें।बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य नौगोडी ने शीतकाल में वर्षा न होने से फसलों को नुकसान होने की शिकायत करते हुए फसल नुकसान सर्वे कराने, फसलों को जंगली जानवरों से





होने वाले नुकसान से बचाव की मांग रखी, जिस पर कृषि अधिकारी ने बताया कि राजस्व व कृषि विभाग द्वारा पूर्व में एक फसल नुकसान का सर्वे किया जा चुका है, जिसमें 15 प्रतिशत सूखे से नुकसान आंका गया है उन्होंने कहा कि पुन: फसल नुकसान का सर्वे कर वास्तविक फसल नुकसान की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। जनप्रतिनिधियों ने सिमगढी में कृषि मोबाइल यूनिट स्थापित हेतु प्रस्ताव भेजने व मौसमी सब्जी बीज उपलब्ध कराने की मांग रखी, जिस पर उद्यान अधिकारी ने शीघ्र बीज उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। प्रधान सुमटी प्रकाश सिंह ने कनरगलघाटी के गांवों में औद्यानिक एवं सब्जी उत्पादन कार्य कराने की मांग रखी, जिस पर जिला उद्यान अधिकारी ने 10 इच्छुक काश्तकारों की सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया तथा सूची उपलब्ध होते ही दो दिन में बीज व अन्य सामाग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने उद्यान विभाग द्वारा विकासखंड के अंतर्गत किए जा रहे औद्यानिक, फलोत्पादन व बेमौसमी सब्जी उत्पादन की विस्तृत जानकारियां दी। परियोजना अधिकारी रिप ने उद्यम वेग परियोजना (रिप) की विस्तृत जानकारियां दी। महाप्रबंधक उद्योग ने उद्योग विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी व जनप्रतिनिधियों की मांग पर कपकोट ब्लॉक के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वरोजगार शिविर लगाने का आश्वासन दिया। स्वास्थ विभाग की जानकारी देते हुए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरीश पोखरिया ने बताया कि स्वास्थ विभाग द्वारा जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ शिविर लगाए जा रहे हैं, जिनमें मारीजों की मुफ्त जांच के साथ दवा वितरण किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि दूरस्थ क्षेत्रों में 82 स्वास्थ शिविर लगाए गए है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि जिनके क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड एवं स्वास्थ शिविर लगाए जाने है वे क्षेत्र का नाम दें ताकि शीघ्र एमओआईसी के माध्यम से शिविर लगाए जा सके। उन्होंने बताया कि धुर, शामा-लीती, उद्यमस्थल में 20 बैड का चिकित्सालय बनाने व कपकोट में स्वास्थ कर्मियों के ट्रॉजिट हास्टिल का प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है। उन्होंने चिकित्सालयों में अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव कराने हेतु जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील भी की। प्रधान तीख कुवर सिंह दानू ने तीख चिकित्सालय में सीएचओ, फार्मासिस्ट तैनाती की मांग रखी। जनप्रतिनिधियों ने वाछम, बदियाकोट, सिमगढी, धुर, कन्यालीकोट में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर लगाने की मांग रखी। प्रधान बोरबलडा ने प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूल में शिक्षकों की कमी बताते हुए शिक्षकों की तैनाती की मांग रखी। जनप्रतिनिधियों ने बिना विद्युत मीटर देखे बिल देने की शिकायत करते हुए मीटर रिडिंग कर ही बिल देने का अनुरोध किया।बैठक में ज्येष्ठ प्रमुख हरीश मेहरा, कनिष्ठ प्रमुख कवीन्द्र सिंह गढिया, विधायक प्रतिनिधि योगेश हरडिया, क्षेत्र पंचायत सदस्य कमला आर्या, खिला देवी, राखी बाफिला, प्रवीण कोरंगा, चामू सिंह देवली, सरस्वती देवी, प्रवीण सिंह, लीला देवी, अर्जुन भट्ट, बिमला देवी, सहित जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, उपजिलाधिकारी मोनिका, उद्यान अधिकारी आरके सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.हरीश पोखरिया, पुलिस उपाधीक्षक एसएस राणा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन, आदि मौजूद थे।

## समाजसेवियों ने किया लावारिस का दाह संस्कार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।समाजसेवी हेमंत गोनिया, मोहन शर्मा, दिशा सामाजिक संगठन, मुक्ति धाम समिति, हीरा नगर पुलिस चोकी, नैनीताल एंबुलेंस समिति के सहयोग से चित्र शिला घाट में एक लावारिस का दाह संस्कार किया गया। लावारिस को सीएससी सितारगंज हॉस्पिटल से 108 सेवा द्वारा सुशीला तिवारी अस्पताल में 24 फरवरी को लाया गया था जिसकी मृत्यु हो चुकी थी। उसे 3 दिनों तक पोस्टमार्टम हाउस राजकीय मेडिकल कॉलेज सुशीला तिवारी में शिनाख्त के लिए रखा गया। जिसके बाद उसका दाह संस्कार किया गया।


## उत्तरांचल दर्पण, रूद्रपुर के प्रकाशन के सम्बन्ध में सूचना फार्म-4

(नियम 8 देखिए)

| | |
|---|---|
| 1- प्रकाशन स्थान | रूद्रपुर(उधमसिंहनगर) |
| 2- प्रकाशन अवधि | सान्ध्य दैनिक |
| 3- मुद्रक का नाम | परमपाल सुखीजा |
| क्या भारत का नागरिक है | हॉ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश) | XXXXXX |
| पता | श्याम टाकीज रोड,कल्याणी व्यू, रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) उत्तराखण्ड |
| 4- प्रकाशक | परमपाल सुखीजा |
| क्या भारत का नागरिक है | हॉ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश) | XXXXXX |
| पता | श्याम टाकीज रोड,कल्याणी व्यू, रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) उत्तराखण्ड |
| 5- सम्पादक का नाम | परमपाल सुखीजा |
| क्या भारत का नागरिक है | हॉ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश) | XXXXXX |
| पता | श्याम टाकीज रोड,कल्याणी व्यू, रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) उत्तराखण्ड |
| 6- उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के 1%से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | परमपाल सुखीजा श्याम टाकीज रोड,कल्याणी व्यू, रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) उत्तराखण्ड |

मै परमपाल सुखीजा एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य है।

हस्ताक्षर
परमपाल सुखीजा
(प्रकाशक के हस्ताक्षर)

दिनांक: 28 फरवरी 2023


## पेज एक का शेष...

**कश्मीरी पंडित..** में आज सुबह सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच झड़प हुई थी। जिसके बाद आतंकियों ने सुरक्षा बालों पर फायरिंग करना शुरू कर दिया था। इस हमले में सेना के दो जवान भी घायल हो गए। बाद में कश्मीर पुलिस ने भी एक आतंकी को मार गिराया था। गौरतलब है कि पुलवामा जिले के अच्छन इलाके में रविवार को आतंकियों ने पत्नी के साथ बाजार जाते समय कश्मीरी हिंदू संजय पंडित की हत्या कर दी थी। इसको लेकर पूरे जम्मू संभाग में रोष था। सोमवार को घाटी में भाजपा, बजरंग दल और अन्य नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया था।

**सीएम के दौरे का...** जनता बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं, शहरी प्राधिकरण से परेशान है। साहू ने कहा मुख्यमंत्री के दौरे का सैकड़ो युवाओं के साथ जोरदार विरोध किया जायेगा। मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश में जहाँ भी जाएंगे युवा उनका उग्र विरोध करेगी। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोकिन सैफी व मीमांशा आर्या व नाजिम आँसारी ने कहा नकल माफियाओं पर मुकदमा दर्ज करने के बजाए पहला मुकदमा आशंका जताने वाले छात्र व पत्रकार पर किया जाना बेहद शर्मनाक है।इस मौके पर युवा नेता सचिन राठौर, राजू रावत, शहनवाज मलिक, राधा आर्या, सन्दीप भैसोड़ा, ताहिर हुसैन, शानू अल्वी, सौरभ कुमार, मयंक गोस्वामी, मोनू चौहान, कैफ सैफी आदि थे।

**आंगनवाड़ी कार्यकत्री...**भवन बाल विकास ऑफिस के चक्कर लगवा रहे हैं तथा उसके सही कार्य को गलत बता रहे है। इनके द्वारा परेशान करने की वजह से ओह अपने सात माह के बेटे की देखभाल भी नहीं कर पा रही है। इससे उसकी तबियत भी खराब हो रही है। निरुपमा का कहना है उसके कार्य क्षेत्र का सर्वे करा कर पूरी जांच की जा सकती है। उसके क्षेत्र में लाभार्थी संख्या अधिक है यदि मुख्य सेविका को परेशानी है तो सर्वे क्षेत्र को कम करके एक आँगनवाडी और बना दें। निरंतर प्रताड़ित होने से वह डिप्रेशन का शिकार हो गयी है। उसके साथ न्याय किया जाय।

**भाविप चेरिटेबल..** गोपाल माहेश्वरी, संजय ठुकराल, भारत भूषण चुघ, वीके सक्सेना, कीर्ति शर्मा, कैलाश राजपूत, संजय कुमार, रोहित सलूजा, डज्ञ. ओपी महाजन, डा. वीपी गुप्ता, संदीप पुंशी, आनंद अग्रवाल, केवल कृष्ण, आकाश गोयल, सुरेश बब्बर, रोहित कपूर, पंकज बांगा, यमन बब्बर, संजीव अरोरा, अनिल गुप्ता आदि सदस्य मौजूद थे।

## स्व.चंदन सिंह डसीला मेमोरियल क्रिकेट ट्राफी पर कल्याणपुर का कब्जा

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। ग्राम सभा तिलियापुर के आनंद नगर में आयोजित स्वव चंदन सिंह डसीला मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में कल्याणपुर ने आनंद नगर को पराजित कर ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। रविवार को ग्राम आनंद नगर में स्वव चंदन सिंह डसीला मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांचक फाइनल मुकाबला हुआ। पहले टास जीतकर कल्याण पुर ने आनंद नगर को बल्ले बाजी के लिए आमंत्रित किया। बल्लेबाजी करते हुए



आनंद नगर ने 16 ओवरो में 10 विकेट गवाकर 60 रन ही बना बना पाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कल्याण पुर ने महज 7 विकेट गंवाकर जीत हासिल की। कल्याणपुर के हरफनमौला खिलाड़ी सोनू धामी मैन ऑफ द सीरीज घोषित किए गए। जिन्हें आयोजन कमेटी द्वारा ट्राफिक के साथ रेंजर साइकिल प्रदान किए गए। वही दीपक कार्की मैन ऑफ द मैच रहे। मुख्य अथिति सुंदर डसीला ने विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की। इस मौके पर मनोज कुमार,देवेंद्र सिंह,अर्जुन सिंह,अभय सिंह,हर्षित सिंह,नेगी,बिक्रम सिंह,विजय,सिंह, अनमोल आर्य, गौरव आर्य ,किशन सिंह, पुरन सिंह फर्त्याल,राम सिंह,दीपांशु सिंह,आदि मौजूद थे।

## डीएम ने किया बेस चिकित्सालय का निरीक्षण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी द्वारा बेस चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। उन्होंने चिकित्सालय में नवनियुक्त डॉक्टरों से संचालन में आ रही समस्याओं के बारे में जाना और बाहर से आए उपकरणों/सामान का भी



निरीक्षण किया। बेस चिकित्सालय में तीन डायलिसिस मशीन शुरू हो गयी हैं और चार डायलिसिस मशीन जल्द ही स्थापित कर शुरू कर दी जाएंगी। जनपद के अन्य जिलों से आने वाले डॉक्टर भी शीघ्र ही तैनात कर दिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा जनपद वासियों को बेस चिकित्सालय का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त होना चाहिए।

## पुलिस ने दो लोगों को किया जिला बदर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।बनभूलपुरा थाना पुलिस ने आपराधिक प्रवृत्ति के दो अपराधियों को जनपद नैनीताल की सीमा से 6 माह के लिए जिला बदर किया है। यह जानकारी देते थानाध्यक्ष बनभूलपुरा ने बताया कि रियासत हुसैन पुत्र लियाकत हुसैन निवसी इन्द्रानगर ठोकर, बनभूलपुरा व ऋषि कुमार पुत्र गंगावासी निवासी ला.न.16, कब्रिस्तान गेट, हाल- स्वामी विहार गौजाजाली उत्तर,



बनभूलपुरा के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की गई है। उन्हें हिदायत की गयी की 6 माह की अवधि के दौरान जनपद नैनीताल की सीमा में प्रवेश करने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त अपराधियों के द्वारा आये दिन मादक पदार्थों की बिक्री तस्करी व अवैध सट्टा कर अवैध रुप से धनोपार्जन करते रहते थे कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध रिपोर्ट लिखवाने व गवाही देने को तैयार नहीं होता है। दोनों के विरुद्ध कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## कैंटर चालक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं इन्द्रा चौक के पास कार को टक्कर मारने वाले नशेड़ी केंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दर्ज रपट में अमित जायसवाल पुत्र डीएन जायसवाल निवासी बार्ड 6 भूत बंगला ने कहा है कि 27 फरवरी को शाम वह अपनी कार संख्या यूके 06 एक्यू 5155 से अपने घर भूत बगंला की तरफ जा रहा था। तभी इन्द्रा चौक मजार के पास कैन्टर संख्या एचआर 47 ई 9715 के ड्राईवर ने उसकी कार को टक्कर मार दी जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। मौके पर खड़ी पुलिस के द्वारा कैन्टर के ड्राईवर को पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा एल्कोहल मीटर लगाने पर पता चला कि कैन्टर ड्राईवर नशे में था। पुलिस ने आरोपी केंटर चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# संगीत के शौक ने बनाया चोर, रैप वीडियो बनाने वाला युवक गिरफ्तार

गोपेश्वर। एक युवक को संगीत के शौक ने न केवल चोर बना दिया, बल्कि चोरी पर भी खुद ही रैप बनाया। उसने रैप गाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। जिसकी धुन से पुलिस ने उसे पकड़कर सलाखों के पीछे बंद कर दिया। आरोपित जिला रुद्रप्रयाग के ग्राम इसाला दशज्यूला निवासी सुमित खत्री को पुलिस ने गौचर से गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशों से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार पुरसाड़ी भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक गोपेश्वर बाजार में कुछ दिनों पूर्व एक दुकान से पांच मोबाइल व एक डीएसएलआर कैमरा गायब हुआ था, जिसका मूल्य तीन लाख से अधिक था। दुकान स्वामी संजय सिंह निवासी रामपुर रुद्रप्रयाग ने 24 फरवरी को गोपेश्वर थाने में तहरीर दी कि उसकी दुकान से रहस्यमय तरीके से पांच महंगे मोबाइल फोन व एक डीएसएलआर कैमरा गायब है, जबकि दुकान के ताले भी नहीं टूटे हैं। बताया कि जब दुकान में डीएसएलआर न मिला तो तब उसे चोरी की आशंका हुई, परंतु दुकान का ताला न टूटने से दुकान स्वामी इसे चोरी की घटना मानने के बजाय अपने कर्मचारियों की करतूत मान रहा था। हालांकि उसने घटना की तहरीर थाने में भी दी। पुलिस ने आसपास सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नजर नहीं आया। पुलिस इसे ठगों का कार्य मानकर नए लोगों की तलाश कर ही रही थी कि तभी उसे पता लगा कि एक युवक कैमरे से रैप बनाकर रिकॉर्ड कर रहा है। वह चोरी की घटना को रैप में गाए गाने में अपने को



चोर बनकर आगे बढ़ने की कहानी बयां कर रहा है। जब यह वीडियो पुलिस के हाथ लगा तो उसने युवक से पूछताछ की। तब पता लगा कि उसी ने दुकान में मोबाइलों व कैमरे पर हाथ साफ किया था। जिला रुद्रप्रयाग के ग्राम इसाला दशज्यूला निवासी सुमित खत्री 10वीं फेल है। उसे संगीत का शौक शुरु से ही था। स्कूल में भी वह सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेता था। अब फेल होने के बाद उसे संगीत के क्षेत्र में कुछ नया करने की सूझी, लेकिन उसके पास मोबाइल, कैमरा व गिटार नहीं था। लिहाजा उसने इसे खरीदने के लिए कुछ दिनों मजदूरी भी की, परंतु इतने रुपए इकठ्ठे नहीं हुए कि वह शौक पूरे कर सके। मजदूरी करने के दौरान वह गीत संगीत में ही खोया रहता था। ऐसे में ज्यादा दिन मजदूरी का कार्य भी नहीं चल पाया। पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि आरोपित गोपेश्वर आया और उसने मोबाइल की दुकान की रैकी की इस दौरान जब मालिक दुकान से किसी कार्य से बाहर निकला तो उसने दुकान में घुसकर पांच मोबाइल व एक डीएसएलआर कैमरा चोरी किया। दुकान मालिक जब दुकान में वापस पहुंचा तो उसे लगा ही नहीं कि दुकान में चोरी हुई है। हालांकि जब डीएसएलआर कैमरा नहीं मिला तो फिर शक होने पर मोबाइल की गिनती की गई, तब पांच कीमती मोबाइल गायब मिले। पुलिस थाने में भी आरोपित ने अपने चोरी पर बनाए गए रैप को सुनाया तथा कहा कि वह इन मोबाइलों के बैचकर गिटार लेना चाह रहा था। इसलिए इसने जितनी आवश्यकता थी उतना ही सामान चोरी किया। पुलिस अधीक्षक ने आरोपित को गिरफ्तार करने वाली टीम के उपनिरीक्षक संजीव कुमार चौहान, कांस्टेबल चंदन नागरकोटी, आशुतोष तिवाड़ी, रविकांत, राजेंद्र को ढाई हजार का इनाम दिया है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जगतपुरा स्थित तिलकराज कपूर बालिका विद्या मंदिर में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन डॉ गुंजन अमरोही, उप शिक्षा अधिकारी ऊधम सिंह नगर संरक्षण, स्मार्ट सिटी, सौर मंडल, प्रदूषण सहित अन्य विषयों पर चलित मॉडल बनाकर प्रदर्शित किए। इस आयोजन में विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। डॉ अमरोही ने की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा रचनात्मक सोच रखनी चाहिये। विधायक अरोरा ने कहा छात्र छात्राओं द्वारा अपने कौशल से तैयार की गई अलग अलग प्रदर्शनी अपने आप मे के माध्यम से बच्चों के ज्ञान को उभारने का कार्य कर रहे हैं जो आगे जाकर इनके भविष्य को निखारने का कार्य करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र यादव ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद दिया । इस अवसर पर मुख्य





ने किया। कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा भी पहुंचे उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूल के सौ से अधिक छात्र छात्राओं ने सड़क सुरक्षा, सौर ऊर्जा, पर्यावरण कहा कि छात्र छात्राओं को हमेशा कुछ नया करने की सोच रखनी चाहिए एवं इसी में अपने समय को लगाना चाहिए। विधायक शिव अरोरा ने भी बच्चो द्वारा बनाये गए मॉडल्स विशेष है जो दर्शाता है कि हमारे बच्चे की विज्ञान में कितनी रुचि है । विधायक शिव अरोरा स्कूल प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित रूप से आप सभी इस विज्ञान प्रदर्शनी रूप से सीए हरनाम सिंह ,विष्णु सक्सेना, कमलेश बिष्ट, अंजू रामपाल, विवेक विसेन, शिवप्रकाश, कमल राणा , किशोर भट्ट, दीपचंद जोशी, उमेश एवं यशवंत आदि मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक होगी भाजपा की आभार रैली: शशांक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंशाक रावत ने कहा कि विगत 10 फरवरी को उत्तराखण्ड सरकार द्वारा नकल विरोधी कानून पारित किया गया। जिसका हर युवा उत्साह के साथ समर्थन कर रहा है और युवाओ में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है इसी ऊर्जा को वृहद स्तर पर ले जाने एवं देश के सबसे कठोर नकल विरोधी कानून बनाने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तराखण्ड, प्रदेश के युवा मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद प्रेषित करने के लिए आगामी 1 मार्च को हल्द्वानी के रामलीला मैदान में एक आभार रैली का आयोजन कर रहा है। जिसमे प्रदेश के मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी सम्मलित होकर हर युवा का अभिनन्दन एवं आभार स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा कि नए नकल विरोधी अध्यादेश के अनुसार भर्ती परीक्षाओ में पेपर लीक, नकल कराने या अनुचित साधनो में लिप्त पाये जाने पर आजीवन कारावास की सजा मिलेगी साथ में 10 करोड़ रूपए तक जुर्माना भी देना पडेगा। इस गैर जमानती अपराध में दोषियों की सम्पत्ति जब्त कर ली जाएगी। इस आभार रैली के निमित भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंशाक रावत ने नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा की सभी 15 विधानसभाओ के युवा मोर्चा कार्यकर्ताओ के साथ मण्डल स्तर पर एवं वर्चुवल के माध्यम से बैठक कर रैली को भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने का आवहन किया। भाजपा संगठन के तीनो जिले (नैनीताल, ऊँधम सिंह नगर एवं काशीपुर) से आगामी 1 मार्च को हल्द्वानी के रामलीला मैदान में 10 हजार से अधिक युवा इस रैली में अपनी सहभागिता करेगा जिसमे उत्तराखण्ड सरकार के माननीय मंत्रीगण, सांसद एवं विधायकगण उपस्थित रहेगे।

# मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की टिप्पणी के खिलाफ परिवाद दाखिल

रुद्रपुर। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी के मामले में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के बयान खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए एसीजेएम तृतीय की कोर्ट में परिवाद दाखिल किया गया है। कांग्रेस नेता डॉ. गणेश उपाध्याय ने कोतवाली पुलिस की ओर से एक साल तक मुकदमा दर्ज नहीं करने के बाद कोर्ट की शरण ली है। दरअसल विधानसभा चुनाव के दौरान कई बड़े नेताओं ने पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया था। 11 फरवरी को किच्छा के इंदिरा गांधी मैदान में भाजपा प्रत्याशी राकेश शुक्ला के समर्थन में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने सभा की थी। कांग्रेस नेता डॉ. गणेश उपाध्याय का कहना है कि मुख्यमंत्री हिमंत ने संबोधन में कांग्रेसी नेता राहुल गांधी का नाम लेकर विद्वेष की भावना से ग्रसित होकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का चरित्र हनन किया गया था जो सूचना एवं प्रौद्योगिकी कानून के प्रावधानों का दुरुपयोग भी है। इससे समाज के सभ्य लोगों की भावनाएं आहत हुई थीं। उन्होंने किच्छा कोतवाली में इस मामले में मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने एसीजेएम तृतीय की कोर्ट में असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ परिवाद दाखिल करते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। कोर्ट ने दाखिल परिवाद को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। डॉ. उपाध्याय के अधिवक्ता आरपी सिंह ने बताया कि कोर्ट में शिकायतकर्ता और गवाह बयान दर्ज कराएंगे। इसके साथ ही शिकायतकर्ता कोर्ट में इस संबंध में साक्ष्य भी देंगे।

# बेहड़ के कार्यालय पर एनयू खान का हुआ स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)।विधायक तिलक राज बेहड के आवास विकास स्थित कार्यालय में सिरौली कला निवासी व वरिष्ठ कांग्रेसी एन यू खान का स्वागत कांग्रेस कमेटी के द्वारा किया गया। गौरतलब है की पिछले लगभग डेढ़ वर्षो से किच्छा नगर पालिका के सिरौली कला में निर्माण के विकास कार्य रुके हुए थे, जिसको लेकर सिरौली कला निवासी एन यू खान ने हाईकोर्ट न्यायालय में जनहित याचिका की सुनवाई के के दौरान माननीय न्यायालय के समक्ष रखा, जिस पर माननीय न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए सभी तरह के विकास कार्यो को जारी रखने के आदेश पारित कर दिए हैं तथा माननीय न्यायालय ने जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि सिरौली कला का नगर पंचायत में शामिल किया जाना या ना किया जाना एक अलग विषय है जब तक इस विषय में कोई अंतिम निर्णय नहीं आ जाता तब तक विकास कार्य प्रभावित



नहीं किये जा सकते तथा माननीय न्यायालय ने नगरपालिका को आदेशित करते हुए कहा कि सभी प्रकार के विकास कार्य सिरौली में जारी रखे जाएं। इससे समस्त सिरौलीवासियों तथा क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई, सभी ने माननीय न्यायालय के निर्णय को सारहा तथा जनहित हित में बताया। सिरौली कला वासियों के लिए इस संघर्ष की लड़ाई को लड़ने वाले ए यू खान का किच्छा विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड के नेतृत्व में किच्छा कांग्रेस कमेटी द्वारा फूल मालाओं से लादकर उनका स्वागत किया गया। स्वागत किए जाने पर एन यू खान ने विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड तथा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत समस्त कांग्रेस जनों का आभार जताया। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड , सुनील ठाकुर, ताहिर मलिक, अशोक मित्रा, मिसबाहउल कुरेशी ,तस्लीम रजा, आलम कुरेशी, डिंपल सिंह, निजामत खान, चंदन पांडे, धर्मेंद्र सिंह जी, नासिर खान आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस मुस्लिम समाज की दुश्मनः मुफ्ती अब्दुल वहाब

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव मुफ्ती अब्दुल वहाब कासमी ने कहा कि भाजपा किसी भी वर्ग के लोगों से कोई भेदभाव नहीं करती। यही वजह है कि भाजपा सत्ता में दो बार आई है तीसरी बार फिर मोदी की सरकार बनेगी। मुफ्ती अब्दुल वहाब कासमी गदरपुर में प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली के आवास पर मुस्लिम समाज की बैठक को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी और पीएम मोदी का दिल बड़ा है वे देश को विकास की ओर ले जा रहे हैं रही बात मुस्लिम समाज की तो मुस्लिम समाज तेजी से भाजपा से जुड़ रहा है। उत्तराखंड में भाई इंतजार हुसैन के नेतृत्व में मुस्लिम तेजी से भाजपा से जुड़ा है और इस बार भी मुस्लिम समाज भाजपा को वोट देने के लिए तैयार है।प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने कहा कि जुल्फकार अली बरसों से भाजपा में रह कर समाज की सेवा कर रहे हैं और आज भी समाज में पार्टी की योजनाओं को बताकर समाज को



जागरूक करने का काम कर रहे हैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मुस्लिमों का शोषण किया है कांग्रेस से जुड़े मुस्लिम समाज के नेता मुस्लिम समाज को गुमराह करके वोट लेकर उनका शोषण करते आए हैं हम सबको विकास के लिए भाजपा से जुड़ना होगा। समाज से अपील करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में भाजपा की जीत के लिए जरूरी है कि घर घर जाकर भाजपा की योजनाओं के बारे में बताया जाए। प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली ने कहा कि कांग्रेस ने मुस्लिमों के वोट का इस्तेमाल तो किया । भाजपा से डराकर मुस्लिम समाज का वोट लेने वाले लोगों को जनता समझ चुकी है।यही वजह है कि कांग्रेस का सफाया हो चुका है।कहा कि गदरपुर का मुस्लिम समाज अब बातों में आने वाला नही है।समाज को विकास चाहिए खाली बातों से विकास नहीं होता। तभी समाज हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलता है।पार्टी कार्यकर्ता अंजार हुसैन ने कहा कि बातों में आ गए बहुत गलतियां हुई है पछतावा है तोबा कर ली है भाजपा के अलावा किसी को वोट नहीं देंगे। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य गुलाम मुस्तफा, प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा, मोहम्मद अय्यूब, नामे अली, नजीर सकलैनी, रासम सकलैनी, रईस इदरीसी, गुरजीत संधू, आबिद अली सकलैनी, हाजी शाकिर हुसैन, इस्तेकार पाशा, इरफान, वसीम अख्तर, अफनान अली, फहद, यशपाल, यासीन, सैफ अली, इदरीस, निर्मल, राजू, सतीश, शैंकी, रिजवान आदि लोग मौजूद थे ।

# सूर्या फाउंडेशन ने आयोजित किया बाल शिविर

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड क्षेत्र मे काशीपुर प्लांट के आस पास 10 गांव से कक्षा 5 से 10 तक के 96 भैया बहनों ने बाल शिविर में भाग लिया। जिसका उद्घाघटन आशुतोष मिश्रा ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज के बच्चे कल का भारत है। हमे अपने देश पर गर्व करना चाहिए। आगे कहा कि देश हमे देता है सब कुछ तो बदले में हमे भी तो कुछ देना



चाहिए। दिनेश ने महापुरुषों की जानकारी दी और उनके आदर्श को अपने जीवन में उतारने को बोला। शारीरिक कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार,नौका दौड़,रस्साकसी, दौड़ 100 मीटर,नींबू चम्मच, म्यूजिकल चेयर, प्रतियोगित कराई गई। कार्यक्रम के समापन में संजीव कुमार और जिगनेश ने विजयी बच्चो को पुरुस्कार वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हिमांशु ने सभी सहयोगी बंधु व सूर्या फाउंडेशन टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे नीतीश क्षेत्र प्रमुख, सोनू,राहुल पांडे, नितिन साहू, सुनील आदि उपस्थित रहे।